भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है महाकुंभ : बिरला

लोस अध्यक्ष ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी, की देशवासियों के कल्याण की कामना

भोपाल। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को महाकुम्भ में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है।

यह हमारी प्राचीन संस्कृति और धर्म का महोत्सव है। यहां संतों की वाणी, उनका प्रभाव और भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मां गंगा की कृपा सभी पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए।

ओम बिरला ने महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद-पुराणों में इसका विशेष उल्लेख है। यह आयोजन समभाव और समरसता का प्रतीक है, जहां जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ आस्था के संगम में डुबकी लगाते हैं। महाकुम्भ न केवल आंतरिक ऊर्जा और चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि आत्मा और मन की शुद्धता भी प्रदान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ने आस्था को जीवन का सबसे बड़ा सामर्थ्य बताते हुए कहा कि यह पर्व राजनीति से परे, सामाजिक और आध्यात्मिक समरसता का अवसर है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत से, गांव-गांव और शहर-शहर से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं, जो इस आयोजन की विशालता और पवित्रता को दर्शाता है।महाकुंभ के प्रति अपने विश्वास को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि समाज को जोड़ने का भी कार्य करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और महाकुम्भ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखकर इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत उदाहरण बताया।

पुणे का वर्ल्ड पीस डोमः शांति और सद्भाव का प्रतीक

भोपाल। भारत के शहर तेजी से बढ़ते शहरीकरण और सांस्कृतिक विविधता के केंद्र बनते जा रहे हैं। लेकिन बढ़ती भीड़ और वैचारिक मतभेदों के बीच समाज को जोड़ने वाले स्थानों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसी दिशा में पुणे स्थित वर्ल्ड पीस डोम एक प्रेरक प्रतीक बनकर उभरा है। प्रो. डॉ. विश्वनाथ कराड की संकल्पना से निर्मित यह विश्व का सबसे बड़ा गुंबद है, जिसमें वर्ल्ड पीस प्रार्थना हॉल और लाइब्रेरी है। यह विश्व शांति और मानवता को समर्पित है। वसुधैव कुटुंबकम् की जीवंत प्रेरणाएमआईटी-डब्ल्यूपीयू, पुणे के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कराड के अनुसार, वर्ल्ड पीस डोम का उद्देश्य विज्ञान और अध्यात्म के संगम से शांति की संस्कृति को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार, भारत सदियों से विविधता में एकता और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक रहा है। शांति पार्कों की दिशा में एक कदमवर्ल्ड पीस डोम की भावना को आगे बढ़ाते हुए, भारत के हर राज्य की राजधानी में शांति पार्कों की स्थापना एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है। ये पार्क सभी समुदायों के लिए संवाद, ध्यान और सह-अस्तित्व के केंद्र बन सकते हैं। शांतिपूर्ण वातावरण, ध्यान क्षेत्र और सामुदायिक गतिविधियाँ शहरी तनाव से राहत दिलाने में सहायक होंगी।

छावा के एलबम लॉन्च में एआर रहमान की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने जीता लोगों का दिल

भोपाल। एक भव्य म्यूज़िकल कार्यक्रम में एकेडमी अवार्ड विजेता कंपोज़र, ए.आर. रहमान ने छावा के अत्यधिक प्रतीक्षित एलबम का लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने ताकत, भावनाओं और ऐतिहासिक भव्यता का प्रदर्शन करते हुए एक जबरदस्त परफॉर्मेंस भी दी। एलबम के अनावरण के मौके पर फिल्म के कलाकार विकी कौशल और रश्मिका मंदाना, डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर, प्रोड्यूसर दिनेश विजान, और प्रोजेक्ट की क्रिएटिव टीम भी मौजूद थी। इस संगीत संध्या के अवसर पर ए.आर. रहमान ने मीठे गीतों और भव्य व्यवस्थाओं के साथ अपने सिग्नेचर स्टाईल में संगीत का ऐसा माहौल बना दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित छावा की वर्ल्डवाईड रिलीज़ 14 फरवरी को हो गई है।

इनोवेटिवव्यू इंडिया ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

भोपाल। देशभर में परीक्षाओं, चुनावों और बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों के लिए आटौमैटिक सहायक सुरक्षा और निगरानी सॉल्यूशन प्रदान करने वाली टेक्नोलॉजी संचालित कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 20,000.00 मिलियन रुपये तक की कुल ऑफर फॉर सेल शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2024 में राजस्व के मामले में 73.7 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ इनोवेटीव्यू इंडिया लिमिटेड भारत में परीक्षा एकीकृत सुरक्षा समाधान में सबसे बड़ा प्लेयर है।

एआई युग में चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रबंधकीय कौशल को तेज करना ज़रूरी : डॉ. दुरईराज

भोपाल। राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस के अवसर पर, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज का प्रबंधन विभाग 15 फरवरी से 21 फरवरी तक एक सप्ताह तक चलने वाले प्रबंधन उत्सव ओडिसी 2025 का आयोजन कर रहा है।

समारोह का उद्घाटन समारोह भोपाल के आर्चबिशप और कॉलेज के अध्यक्ष डॉ एएएस दुरईराज एसवीडी, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर जॉन पीजे, डीन एकेडमिक्स फादर जोमी पनेथास, वाइस प्रिंसिपल डॉ सिस्टर सोनिया कुरियन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रिंसिपल डॉ जॉन ने स्वागत करते हुए छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की और राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस के उपलक्ष्य में गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित करने के लिए प्रबंधन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 1000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ प्रबंधन पाठ्यक्रम महाविद्यालय में एक प्रमुख पाठ्यक्रम बन गया है।

मुख्य अतिथि आर्चबिशप ने प्रबंधन के विद्यार्थियों से एआई के युग में चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने प्रबंधकीय कौशल को तेज करने और समाज के सामने आने वाली समस्याओं के लिए रचनात्मक, अभिनव और रचनात्मक समाधान निकालने का आह्वान किया।

प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पिल्लई ने बताया कि विभागीय पत्रिका मैग्ना 2024 और कॉलेज के संकाय सदस्यों द्वारा लिखित और संपादित 2 पुस्तकों के विमोचन किया गया है। बेगम्स ऑफ भोपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ जॉन पीजे को सम्मानित किया।

देवी अहिल्या की पुण्यगाथा प्रस्तुति आज

भोपाल। देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं विश्वमांगल्य सभा, नागपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के विभिन्न जिलों में राष्ट्रसमर्थ- देवी अहिल्या की पुण्यगाथा नाट्य प्रस्तुति का संयोजन किया जा रहा है। यह प्रस्तुति आज 16 फरवरी को सायं 5.30 बजे से हंसध्वनि सभागार, रवीन्द्र भवन में संयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश नि:शुल्क है।

संभावना गतिविधि में गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य एवं ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति आज

भोपाल। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 16 फरवरी, को सुकल सिंह धुर्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा, शैलेंद्रसिंह सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा ढिमरियाई नृत्य एवं साहिल जिनावद एवं साथी, जयपुर द्वारा द्वारा मांगणियार गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय् में प्रति रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा।मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय परिसर में प्रति रविवार दोपहर 02 बजे से आयोजित होने वाली गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा।

विश्व पुस्तक मेले में हुआ विज्ञान पुस्तकों का लोकार्पण

भोपाल। आईसेक्ट पब्लिकेशन के मंच पर विज्ञान पुस्तकों का लोकार्पण विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली में किया गया। समारोह में विज्ञान प्रगति के संपादक मनीष मोहन गोरे, विज्ञान कथाकार समीर गांगुली, विज्ञान लेखक मनीष श्रीवास्तव और अनुपमा गोरे जी की पुस्तकों का विमोचन हुआ। इस मौके पर विज्ञान पुस्तकों के लेखकों ने अपनी पुस्तकों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर आईसेक्ट प्रतिनिधि सुश्री पुष्पा असिवाल, श्री महीप निगम और श्री संजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

18 वर्षीय लड़की की बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सर्जरी

भोपाल। एक चिकित्सा चमत्कार के रूप में, मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल ने 18 वर्षीय लड़की पर एक अत्यंत जटिल बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया, जो दो गंभीर रक्त विकारों—बीटा-थैलेसीमिया मेजर और रिफ्रैक्टरी एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया से पीड़ित थी। यह एक दुर्लभ मामला था क्योंकि दोनों बीमारियों के लिए अलग-अलग उपचार की आवश्यकता थी, फिर भी अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने 100 प्रतिशत सफल परिणाम प्राप्त किया, जिससे दुनिया भर के मरीजों के लिए एक नई उम्मीद जगी। मूल रूप से इंदौर की रहने वाली इस लड़की को जन्म से ही बीटा-थैलेसीमिया मेजर था, जिसके कारण उसे नियमित रूप से रक्त आधान की आवश्यकता पड़ती थी। हाल ही में, उसे रिफ्रैक्टरी एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया नामक रक्त कैंसर हो गया, जो उपचार के प्रति प्रतिरोधी था। उसे मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल में रेफर किया गया, जहाँ डॉक्टरों ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने का निर्णय लिया, जो इन दोनों बीमारियों का इकलौता संभव इलाज था।

सूडोकु नवताल- 7335

★★★★☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7334 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

काकुरो पहेली - 7014



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 7013 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8402



बाएँ से दाएँ

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत 4
6. .....-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत 2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा 3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह 3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत 4

ऊपर से नीचे

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद 3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता 4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु. 2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय 4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना पहचाना 3
18.माला आदि फैरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

शब्द पहेली -8401 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली - 6832



बायें से दायें:-

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिलरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6831

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6941

1	2		4		6	
	21	1	36		39	
3		4			1	2
	36		30		26	
5	6		1	2		4
	48	6	32		22	
			4		2	1

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6940 का हल

1	6	7	3	4	2	5
6	32	2	31	3	32	1
2	3	5	1	6	7	4
4	27	4	26	1	39	6
5	1	3	4	2	6	7
7	33	6	32	7	38	3
3	7	1	4	5	6	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7941

स	रा	जें	द्र	स	ता	ना	वा	ज	पे	स	
ल्त	फ	ल	प्रे	व	जी	म	द	ह	कां	र	
न	स	ल	म	को	ह	रा	म	ल	ख	का	
त	स	स	ता	दि	वा	ज	ध	त्रि	श	र	
श	आ	र	ग	स	ज	ना	तू	दे	झ	प	
न	ल	ला	र	दि	म	उ	ती	व	घ	स	
स	ड़	क	फ्यू	जी	प	बा	ज	स	व	जा	
श	एं	वा	स	र	फ	रो	श	ज	श	न्हा	
मी	ड	ल	फू	ल	औ	र	आ	ग	स	आ	
र	गॉ	ल	प	लि	जी	शी	ला	कौ	चे	द	
वि	ज	स	त्ता	धी	श	डि	त	ब	त	म	

शब्दजाल में 'स' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

सफलता,सरकार,सजा,सचेत,सजग, सरफरोश,सल्तनत,सड़क,सत्ताधीश, सताना

शब्दजाल - 7940 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore